NBT
नवभारत टाइम्स

रैपर असली पर देसी घी नकली, आरोपी बोला, 'रोटी के लिए बेच रहे थे जहर'

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में पुलिस ने विभिन्न ब्रैंड के नाम पर नकली घी बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से नकली घी बनाने का सामान भी मिला है।

नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 22 Apr 2018, 11:02:00 PM IST

नकली घी बनाने वाले तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में पुलिस ने विभिन्न ब्रैंड के नाम पर नकली घी बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से नकली घी बनाने का सामान भी मिला है।

इस मामले में एनबीटी ऑनलाइन को अलीगढ़ के एसएसपी राजेश कुमार पांडेय ने बताया, 'यह गोरखधंधा सारसौल के पास बन्नादेवी थाना क्षेत्र में चल रहा था। इनके पास से सभी ब्रैंड के रैपर मिले हैं। इसके साथ ही मौके से 15 डिब्बे रिफाइंड ऑयल, वनस्पति घी (डालडा), रंग और गंध के लिए प्रयोग किया जाने वाला केमिकल समेत काफी अन्य सामान बरामद हुआ है।'

जानिए, कैसे करते थे कारोबार

एसएसपी अलीगढ़ के मुताबिक, 'ब्रैंडेड घी की बाजार में तकरीबन 550 से 600 रुपये कीमत होती है लेकिन ये लोग थोक व्यापारियों से मिलीभगत करके उन्हें 110 रुपये या जितने में व्यापारी राजी हो जाएं उतने में बेच देते थे। इसकी वजह से व्यापारी भी जमकर मुनाफा कमाते हैं और नकली घी के रूप में जहर लोगों के घरों में पहुंचता है।' राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि जब नकली घी बनाने वाले लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा, 'रोटी के लिए जहर का सौदा करते हैं।'

'जांच के लिए भेजे गए नमूने'

राजेश पांडेय ने बताया, 'केस दर्ज कर नमूने जांच के लिए लैब में भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस गोरखधंधे में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।'

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/others/aligarh-police-arrested-3-people-who-manufactured-spurious-desi-ghee-and-sold-them-off-under-multiple-brand-names/articleshow/63872533.cms?utm_source=facebook.com&utm_medium=referral